प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गाँव, जिला- गांधीनगर - 382 428

विज्ञापन सं - 05/2021

<u>परियोजना सहयोगी - I के पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू</u>

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमन संलयन एवं प्लाज़्मा के औद्योगिक तथा सामाजिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए समर्पित है।

03 सितंबर 2021 को बाहय वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत परियोजना सहयोगी - I के पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। बाहरी फंडिंग एजेंसी/संगठन द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना में सामग्री के लक्षण वर्णन और नैनो सामग्री के संश्लेषण, प्रयोगशाला के नियमित संचालन एवं रखरखाव से संबंधित प्रयोगों में एवं परियोजना से संबंधित अन्य कार्यों में प्रतिभागिता शामिल है। उपरोक्त पद एक वर्ष की अवधि के लिए या परियोजना की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, के लिए है।

परियोजना सहयोगी - I को 31000/- रु + म.कि.भ. (केंद्र सरकार के लागू नियमों के अनुसार) की मासिक परिलब्धियों का भुगतान किया जाएगा। कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। आईपीआर सीएचएसएस चिकित्सा सुविधा केवल स्वयं के लिए लागू होगी और इस सुविधा के लिए आईपीआर सीएचएसएस नियमों के अनुसार हर महीने वेतन से आवश्यक कटौती की जाएगी।

पद	पद की संख्या	आवश्यक योग्यता एवं अनुभव	आयु सीमा
परियोजना सहयोगी - I	(01) एक	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान में मास्टर डिग्री (भौतिकी/ पदार्थ विज्ञान/ नैनो-सामग्री) या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री (धातुकर्म / मटेरियल्स/ पदार्थ विज्ञान) ।	3 सितंबर, 2021 को 35 वर्ष से अधिक नहीं

कार्य की प्रकृति और परियोजना की समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए, संबंधित प्रयोगशाला/अनुसंधान में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे सरकार द्वारा स्वीकृत फोटो पहचान पत्र तथा निर्धारित प्रारूप में सीवी (फोटो के साथ चिपका हुआ) और सहायक दस्तावेजों के साथ (मूल प्रति के साथ मार्कशीट / डिग्री / प्रमाण पत्र / टेस्टीमोनियल्स की सत्यापित प्रतियां) दिनांक 3 सितंबर, 2021 को सुबह 09:00 बजे प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, इंदिरा ब्रिज के पास, भाट, गांधीनगर-382 428, गुजरात में साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करें। सुबह 10:00 बजे के बाद आने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा और उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आईपीआर के पास बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है और निदेशक-आईपीआर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी